

पाक्षिक

# खबर आस पास

भारत सरकार से मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

'जिस व्यक्ति ने कभी गलती नहीं की, उसने कभी कुछ नया करने की कोशिश नहीं की।'

संपादक :सत्येन्द्र राजवंशी मो. 9587570001 Email : khabaraaspass@gmail.com

वर्ष : 1 | अंक : डिजिटल | बीकानेर : शुक्रवार 04 सितम्बर 2026 | पृष्ठ : 4 | मूल्य : 1.00 रुपया




## बिहार में गंगा खतरे के निशान से 2 फीट ऊपर:13 जिलों में बाढ़; काशी में 407 परिवारों ने घर छोड़ा, हिमाचल में 175 सड़कें बंद


**पटना एजेन्सी।** बिहार के कई जिलों में बीते दो दिनों से रुक-रुककर बारिश हो रही है। पटना में गंगा खतरे के निशान से करीब 2 फीट ऊपर बह रही है। प्रदेश के 13 जिले बाढ़ की चपेट में हैं, जबकि 8 नदियों का जलस्तर बढ़ गया है। उत्तर प्रदेश में लगातार बारिश से नदियां उफान पर हैं। काशी में वरुणा नदी के किनारे रहने वाले 407 परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया है। अब तक 2,910 लोग विस्थापित हो चुके हैं। राहत और बचाव कार्य के लिए प्रशासन ने 36 नावें लगाई हैं। बाढ़ के हालात को लेकर पीएम मोदी ने वाराणसी के डीएम और मेयर से बात की। हिमाचल प्रदेश के कई हिस्सों में बुधवार रात तेज बारिश के बाद लैंडस्लाइड की वजह से 175 से ज्यादा सड़कें बंद हो गईं। कालका-शिमला फोरलेन पर भारी मलबा गिर गया। इससे कई गाड़ियां रातभर फंसी रहीं।

## लखनऊ में एअर इंडिया विमान की इमरजेंसी लैंडिंग: वाराणसी से उड़ान भरी थी, कार्गो कंपार्टमेंट में धुएं का अलार्म बजा

**वाराणसी एजेन्सी।** वाराणसी से दिल्ली जा रही एअर इंडिया एक्सप्रेस के विमान की गुरुवार सुबह लखनऊ एयरपोर्ट पर इमरजैंसी लैंडिंग करानी पड़ी। सूत्रों के मुताबिक विमान के कार्गो में धुएं का अलार्म बजा था। पायलट ने तुरंत लखनऊ एयरपोर्ट संपर्क किया। एयर ट्रैफिक कंट्रोल (ATC) से परमिशन मिलते ही लैंडिंग कराई। विमान के उतरते ही रिस्पॉन्स टीम ने मोर्चा संभाला। फायर बिग्रेड और टेक्निकल एक्सपर्ट भी मौके पर पहुंचे। विमान की जांच की गई। विमान (IX 1253) ने वाराणसी एयरपोर्ट से गुरुवार सुबह 8 बजे उड़ान भरी। थोड़ी देर बाद ही कार्गो में स्मोक डिटेक्शन का अलार्म बजने लगा। इसके बाद पायलट ने सुबह 8:52 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पर लैंडिंग कराई। सुबह 9:02 बजे विमान से 155 यात्रियों और क्रू को उतारा गया। जांच के बाद विमान को एयरपोर्ट के स्टैंड पर पार्क किया गया। शुरुआती जांच के बाद बताया गया कि विमान में धुएं का कोई संकेत नहीं मिला। ऐसे में अलार्म कैसे बजा, इसकी जांच की गई।

## सुप्रीम कोर्ट बोला-लॉ स्टूडेंट्स पर बार काउंसिल एक्शन नहीं ले सकता

### दीक्षांत समारोह में सीजेआई को बुलाने का विरोध, बीसीआई ने छात्रों का एनरोलमेंट रोका था




**नई दिल्ली एजेन्सी।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि बार काउंसिल ऑफ इंडिया (BCI) के पास लॉ स्टूडेंट्स के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का अधिकार नहीं है। कोर्ट ने कहा कि छात्रों के आचरण पर कार्रवाई करने का अधिकार उनके यूनिवर्सिटी या संबंधित शैक्षणिक संस्थान के पास है।

कोर्ट ने यह फैसला हैदराबाद की NALSAR यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ के 2026 बैच के छात्रों से जुड़े विवाद में दिया। छात्रों ने दीक्षांत समारोह में CJI सूर्यकांत को मुख्य अतिथि बनाए जाने का विरोध किया था। इसके बाद BCI ने छात्रों का वकील के तौर पर एनरोलमेंट रोकने और मामले की जांच कराने के निर्देश दिए थे।

**सुप्रीम कोर्ट ने BCI के आदेश को गैरकानूनी बताया**

CJI सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस वी. मोहना की बेंच ने कहा कि अधिवक्ता अधिनियम, 1961 BCI या स्टेट बार काउंसिल को लॉ स्टूडेंट्स पर अनुशासनात्मक कार्रवाई का कोई स्पष्ट या निहित अधिकार नहीं देता। कोर्ट ने BCI चेयरमैन मनन कुमार मिश्रा की ओर से 13 अगस्त को जारी आदेश को गैरकानूनी बताया। इस मामले में NALSAR के दो पूर्व छात्रों मिहिरा सूद और अभिषेक तिवारी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। उनका कहना था कि BCI को छात्रों के खिलाफ इस तरह की कार्रवाई करने का अधिकार नहीं है।

## भारत-बेल्जियम रक्षा सहयोग बढ़ाने पर सहमत, राजनाथ और थियो फ्रांकेन ने की द्विपक्षीय वार्ता




**नयी दिल्ली, एजेन्सी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को यहां बेल्जियम के रक्षा एवं विदेश व्यापार मंत्री थियो फ्रांकेन के साथ द्विपक्षीय बैठक की। बैठक में दोनों पक्षों ने रक्षा और औद्योगिक सहयोग से जुड़े पूरे क्षेत्र की समीक्षा की और द्विपक्षीय संबंधों को और विस्तार देने पर सहमति जताई। बैठक के दौरान दोनों मंत्रियों ने रक्षा सहयोग संवाद, उच्चस्तरीय यात्राओं, प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण के जरिए भारत-बेल्जियम के द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर सहमति व्यक्त की। उन्होंने क्षेत्रीय शांति और सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा की। उन्होंने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा सहयोग की आवश्यकता को माना। सिंह और फ्रांकेन ने दोहराया कि भारत और बेल्जियम के बीच साझेदारी साझा मूल्यों, आपसी विश्वास और सम्मान पर आधारित है। यह बैठक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और बेल्जियम के प्रधानमंत्री बार्ट डी वेवर के बीच यहां हुई बैठक के इतर आयोजित की गई।

## जन्माष्टमी पर 13 घंटे होंगे गोविंददेवजी के दर्शन : सुबह 4 बजे खुलेंगे पट, आने-जाने के लिए अलग मार्ग बनाए

**जयपुर कासं।** जयपुर के आराध्य गोविंददेव जी मंदिर में जन्माष्टमी को लेकर तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। इस दिन शहर के प्रमुख कृष्ण मंदिरों में विशेष आयोजन होंगे,लेकिन सबसे ज्यादा श्रद्धालुओं की भीड़ गोविंददेवजी मंदिर में उमड़ने की संभावना है। कल ठाकुरजी के 13 घंटे दर्शन होंगे। तड़के 4 बजे मंगला झांकी के साथ मंदिर के पट खुलेंगे और रात 10:30 बजे तक अलग-अलग झांकियों के माध्यम से दर्शन होंगे। इसके बाद मध्यरात्रि में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, तिथि पूजा और अभिषेक के आयोजन होंगे।

**पुलिस प्रशासन और ट्रैफिक को लेकर विशेष इंतजाम**

जन्माष्टमी के दिन भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रशासन, पुलिस और जिला प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए व्यापक व्यवस्थाएं की हैं।

मंदिर में प्रवेश से लेकर दर्शन के बाद बाहर निकलने तक श्रद्धालुओं को करीब 5 से 6 किलोमीटर तक पैदल चलना पड़ सकता है।

चारदीवारी में पब्लिक ट्रांसपोर्ट भी बंद रहेगा। ऐसे में प्रशासन ने श्रद्धालुओं से मेट्रो सहित सार्वजनिक परिवहन के उपलब्ध विकल्पों का इस्तेमाल करने और घर से निकलने से पहले यात्रा की पूरी योजना बनाने की अपील की है।



**सिर्फ तय रास्ते से ही मिलेगी एंट्री**

भीड़ को व्यवस्थित करने के लिए श्रद्धालुओं के प्रवेश की विशेष व्यवस्था की गई है। मंदिर में एंट्री केवल जलेब चौक की ओर बांदरवाल गेट से निर्धारित रास्ते से ही मिलेगा। अन्य रास्तों से प्रवेश बंद रहेगा।

जलेब चौक से श्रद्धालुओं के लिए तीन अलग-अलग लाइनें बनाई गई हैं। इनमें पास वाले श्रद्धालु, बिना जूते-चप्पल आने वाले श्रद्धालु और जूते-चप्पल पहनकर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए अलग कतारें रहेंगी।

मंदिर परिसर में जूते-चप्पल रखने की व्यवस्था नहीं होगी। इसके लिए पुरानी विधानसभा के पास जूते-चप्पल स्टैंड बनाया गया है।

प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि संभव हो तो बिना जूते-चप्पल के ही दर्शन के लिए आएं, ताकि प्रवेश व्यवस्था को सुचारू रखा जा सके।

**आने और जाने के लिए अलग-अलग मार्ग बनाए**

श्रद्धालुओं के लिए प्रवेश और निकासी के मार्ग अलग रखे गए हैं। मंदिर में प्रवेश के बाद दर्शन तक पहुंचने और फिर बाहर निकलने में करीब 5 से 6 किलोमीटर तक पैदल चलना पड़ सकता है।

दर्शन के बाद श्रद्धालुओं की निकासी जय निवास बाग के पूर्वी और पश्चिमी गेट से कराई जाएगी।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि दर्शन के बाद श्रद्धालु प्रवेश वाले रास्ते की ओर वापस जाने का प्रयास नहीं करें और निर्धारित निकास मार्ग का ही इस्तेमाल करें।

**चारदीवारी में पब्लिक ट्रांसपोर्ट बंद, मेट्रो से आने की सलाह**

भारी भीड़ और यातायात के दबाव को देखते हुए जयपुर की चारदीवारी में पब्लिक ट्रांसपोर्ट की आवाजाही बंद रहेगी। ऐसे में प्रशासन ने श्रद्धालुओं से निजी वाहनों का कम से कम इस्तेमाल करने और मेट्रो से आने को प्राथमिकता देने की अपील की है। निजी वाहनों से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए रामनिवास बाग, चौगान स्टेडियम और जैम सिनेमा के पास पार्किंग की व्यवस्था की गई है।

प्रशासन ने विशेष रूप से रामनिवास बाग पार्किंग का अधिक से अधिक इस्तेमाल

## इजराइल बोला- अमेरिका तैयार हुआ तो गाजा खाली करा देंगे

### रक्षा मंत्री ने कहा- हमास हथियार नहीं छोड़ रहा, लोगों को हटाकर ही समस्या सुलझेगी



**नई दिल्ली एजेन्सी।** इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने कहा कि अगर अमेरिका मंजूरी देता है तो हम गाजा से फिलिस्तीनियों को बाहर निकाल देंगे। काट्ज ने कहा कि हमास हथियार छोड़ने को तैयार नहीं है। ऐसे में गाजा की समस्या का समाधान लोगों को वहां से हटाए बिना संभव नहीं है। फिलिस्तीनियों को गाजा से बाहर निकालने की योजना तैयार है। लोगों को समुद्र, हवाई मार्ग या किसी भी दूसरे तरीके से बाहर भेजने की तैयारी है।

उन्होंने कहा- अब इजराइल अमेरिका के फैसले का इंतजार कर रहा है कि इन लोगों को कहां भेजा जाएगा।

**इजिप्ट के विरोध के बाद प्रस्ताव पर पीछे हटे ट्रम्प**

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने अपने दूसरे कार्यकाल की शुरुआत में कहा था कि गाजा के करीब 20 लाख फिलिस्तीनियों को वहां से चले जाना चाहिए। ट्रम्प ने गाजा को फिर से बसाने और उसे भूमध्यसागर के किनारे एक लग्जरी रिसॉर्ट में बदलने की बात कही थी। ट्रम्प के इस प्रस्ताव का कई देशों ने विरोध किया था। इनमें मिस्र भी शामिल था। मिस्र, इजराइल के अलावा गाजा से सीमा साझा करने वाला इकलौता देश है। फिलिस्तीनियों ने भी इस प्रस्ताव का विरोध किया। उनका कहना था कि अगर उन्हें उनकी जमीन से जबरन हटाया गया तो यह उन्हें 1948 की याद दिलाएगा, जब इजराइल के बनने के दौरान बड़ी संख्या में फिलिस्तीनियों को अपना घर छोड़ना पड़ा था। फिलिस्तीनी इस घटना को 'नकबा' यानी तबाही कहते हैं।बाद में अक्टूबर में गाजा में युद्धविराम का ऐलान करते हुए ट्रम्प ने इलाके के लिए 20 बिंदुओं वाली योजना पेश की। इसमें फिलिस्तीनियों को गाजा से जबरन हटाने की बात नहीं थी।

## हल्द्वानी प्रकरण पर कार्रवाई नहीं हुई तो सभापति से भी करेंगे शिकायत : खरगे

**नयी दिल्ली, एजेन्सी।** कांग्रेस अध्यक्ष एवं राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने हल्द्वानी प्रकरण में अब तक कार्रवाई नहीं होने पर हैरानी व्यक्त करते हुए कहा है कि इस मामले में यदि प्राथमिकी दर्ज नहीं होती है तो वह राज्यसभा के सभापति सी पी राधाकृष्णन को पत्र लिखकर मामले में हस्तक्षेप करने की मांग करेंगे। खरगे ने गुरुवार को यहां पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने बुधवार को राज्यसभा में सदन के नेता जगत प्रकाश नड्डा को पत्र लिखकर याद दिलाया है कि 13 अगस्त को सदन में दिए आश्वासन के बावजूद अब तक मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई है। नड्डा ने घटना की तहकीकात कराने और दोषियों के खिलाफ सख्त

## गडकरी बोले- सभी राज्य बाइक टैक्सी को मंजूरी दें

### 8 करोड़ रोजगार मिलेंगे; ट्रैफिक नियम तोड़ने पर ड्राइविंग लाइसेंस सस्पेंड-कैंसिल होगा

**नई दिल्ली एजेन्सी।** केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने सभी राज्य सरकारों से बाइक टैक्सी को मंजूरी देने की अपील की है। उन्होंने कहा कि निजी बाइक और स्कूटर से यात्रियों को ले जाने की सुविधा से खासकर ग्रामीण इलाकों में रोजगार के बड़े अवसर मिलेंगे। इससे करीब 8 करोड़ लोगों को रोजगार मिल सकता है। गडकरी ने बताया कि केंद्र ने बाइक टैक्सी की अनुमति दे दी है, लेकिन परिवहन राज्य का विषय होने के कारण कुछ राज्यों में अभी इसकी मंजूरी नहीं है। उन्होंने राज्यों से इसे मंजूरी देने की अपील की, ताकि लोगों को कमाई का नया जरिया मिल सके। गडकरी ने कहा कि सरकार बार-बार ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों पर सख्ती करेगी। इसके लिए मोटर व्हीकल एक्ट में बदलाव कर ड्राइवरों के लिए नेगेटिव पॉइंट सिस्टम लागू करने का प्रस्ताव है।




**भारी वाहन चालकों की ट्रेनिंग जरूरी**

गडकरी ने भारी वाहन और निर्माण उपकरण चलाने वाले ड्राइवरों की अनिवार्य ट्रेनिंग पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अभी ऐसी कोई जरूरी व्यवस्था नहीं है। उन्होंने JCB India जैसी कंपनियों से उपकरण देने से पहले ड्राइवरों को ट्रेनिंग देने की अपील की।

**10 लाख ड्राइवरों की स्वास्थ्य जांच**

गडकरी ने 'सुरक्षा' पायलट प्रोग्राम शुरू किया। इसके तहत हाईवे, खनन और निर्माण जैसे जोखिम वाले कामों से जुड़े करीब 10 लाख ड्राइवरों और कर्मचारियों की मुफ्त मेडिकल जांच व काउंसलिंग होगी।

पहले चरण में नागपुर-कामठी के NH-44 और चंद्रपुर के माइनिंग क्षेत्र में करीब 10 हजार लोगों की जांच का लक्ष्य है।

**दोपहिया हादसों में सबसे ज्यादा मौतें**

गडकरी के मुताबिक, भारत में दोपहिया हादसों में 81,780 मौतें हुई हैं, जो दुनिया में सबसे ज्यादा हैं। सीट बेल्ट न लगाना, हिट एंड रन, गलत दिशा में ड्राइविंग, शराब और मोबाइल का इस्तेमाल हादसों की बड़ी वजह हैं। सीट बेल्ट न लगाने से 14,466 और हिट एंड रन में 34,030 मौतें हुईं। इन आंकड़ों को देखते हुए वाहन चालकों की ट्रेनिंग, स्वास्थ्य जांच और ट्रैफिक नियमों के पालन पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है।

## पाकिस्तानी जेट गिराने वाले अभिनंदन ने एयरफोर्स छोड़ी

### बालाकोट स्ट्राइक के दौरान 60 घंटे पाकिस्तान की कैद में रहे; अब उड़ाएंगे यात्री विमान



**नई दिल्ली एजेन्सी।** बालाकोट एयरस्ट्राइक के दौरान 60 घंटे पाकिस्तान की कैद में रहे पूर्व ग्रुप कैप्टन अभिनंदन वर्तमान ने एयरफोर्स से रिटायरमेंट ले लिया है। उन्होंने गोवा की प्राइवेट एयरलाइन फ्लाई-91 जॉइन कर ली है। उनका सामान्य रिटायरमेंट 2037 में होना था, जब वे 54 वर्ष के होते। न्यूज एजेंसी PTI के मुताबिक, उन्होंने 31 मार्च 2026 को वायुसेना छोड़ी और अगस्त में प्राइवेट एयरलाइन जॉइन की। करीब दो दशक की सर्विस के बाद अब वे कॉमर्शियल यात्री विमान के पायलट होंगे।

अभिनंदन वायुसेना में MiG-21 फाइटर उड़ाते थे। 27 फरवरी 2019 को पाकिस्तानी के स्न-16 लड़ाकू विमान को मार गिराने के दौरान उनका विमान मिसाइल की चपेट में आ गया था। जेट से इजेक्ट होकर वे पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में उतरे थे। PoK में पाकिस्तानी फौज ने उन्हें पकड़ लिया था। भारत के जबर्दस्त दबाव के चलते करीब 60 घंटे बाद, 1 मार्च 2019 को अटारी बॉर्डर के जरिए उनकी वापसी हुई थी। 2021 में उन्हें वीर चक्र से सम्मानित किया गया था।

**एयरफोर्स से करीब एक लाख पेंशन मिलेगी**

ग्रुप कैप्टन अभिनंदन ने वायुसेना में 20 साल की सर्विस की है। पूर्व सैनिक कल्याण विभाग के मुताबिक, ग्रुप कैप्टन का मूल वेतन रु.1.40-2.18 लाख और एमएसपी रु.15,500 होता है। भत्तों को मिलाएं तो यह ज्यादा भी हो सकता है। इस हिसाब से उन्हें करीब रु.88-98 हजार महीना पेंशन मिल सकती है। इसके अलावा महंगाई राहत भी मिलती है। अभिनंदन की वास्तविक पेंशन उनके अंतिम वेतन और सेवा रिकॉर्ड से तय होगी।

**फ्लाई-91 एयरलाइन में 10 लाख से ज्यादा सैलरी हो सकती है**

पायलट ट्रेनिंग कराने वाले एजुकेशन प्लेटफॉर्म पायलट शाला के मुताबिक, प्राइवेट कंपनी में पायलट को हर महीने रु.5 लाख से ?8 लाख सैलरी मिलती है। सीनियर कैप्टन बनने पर यह रु.10 लाख+ तक हो सकती है। लेकिन अभिनंदन वायुसेना के पूर्व पायलट हैं इसलिए यह सैलरी और भी ज्यादा हो सकती है।

वे ATR 72-600 विमान उड़ाएंगे। प्राइवेट सेक्टर में बेस सैलरी के अलावा प्रति घंटे उड़ान के हिसाब से मिलने वाला फ्लाइंग अलाउंस, लेओवर पे और इंटरनेशनल बोनस जैसे फायदे भी मिलते हैं।

## धौलपुर-दौसा समेत 6 जिलों में बारिश

### भरतपुर में एक इंच से ज्यादा पानी बरसा; राजस्थान में कल से तेज बरसात का अलर्ट

**धौलपुर कासं।** धौलपुर, दौसा, बहरोड़-कोटपूतली, करौली, भरतपुर और अलवर में गुरुवार को बारिश हुई। धौलपुर में सड़कों पर पानी भर गया। जयपुर सहित कई जिलों में बारिश की संभावना है। बीते 24 घंटे में जयपुर, भरतपुर, करौली के कई हिस्सों में बरसात हुई। भरतपुर के रूपवास में एक इंच से ज्यादा पानी बरसा। मौसम विभाग के अनुसार, 4 सितंबर से बारिश की गतिविधियां तेज होंगी। जयपुर, भरतपुर के साथ कोटा, अजमेर संभाग में बरसात का यलो अलर्ट है। कहीं-कहीं भारी बारिश की भी आशंका है। 24 घंटे में कहां-कहां हुई बारिश: सबसे ज्यादा बरसात भरतपुर के रूपवास में 27 एमएम बारिश दर्ज हुई। धौलपुर के बाड़ी में 12, करौली के बालघाट पर 18 एमएम बरसात हुई। इनके अलावा नादौती, सैंपऊ, बसेड़ी, राजाखेड़ा समेत कई इलाकों में हल्की बारिश (10 एमएम से कम) हुई।

# जैन संस्कार विधि से मनाया सभा मंत्री श्री प्रदीप पुगलिया का जन्मोत्सव

**श्रीडूंगरगढ़ (खबर आस पास)।** तेरापंथ युवक परिषद् श्रीडूंगरगढ़ द्वारा सभा मंत्री एवं जैन संस्कारक श्री प्रदीप पुगलिया का जन्मोत्सव 2 सितंबर 2026 को सायं 6:00 से 6:30 बजे तक जैन परंपरा एवं संस्कारों के अनुरूप जैन संस्कार विधि से श्रद्धा, सादगी एवं आध्यात्मिक वातावरण में मनाया गया।कार्यक्रम में संस्कारक श्री पियूष बोथरा ने जैन संस्कार विधि का विधिवत संचालन करते हुए जन्मोत्सव को धार्मिक एवं संस्कारमय स्वरूप प्रदान किया।

इस अवसर पर तेरापंथ युवक परिषद् श्रीडूंगरगढ़ के अध्यक्ष श्री विक्रम मालू ने श्री प्रदीप पुगलिया को जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए उनके उज्ज्वल, स्वस्थ एवं मंगलमय जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि जीवन के प्रत्येक शुभ अवसर को जैन संस्कार विधि के माध्यम से मनाने से आध्यात्मिक मूल्यों एवं धार्मिक संस्कारों को मजबूती मिलती है। उन्होंने सभी सदस्यों से जैन संस्कार विधि को अपनाने एवं इसके व्यापक प्रचार-प्रसार का आह्वान किया।मंत्री श्री पीयूष बोथरा ने भी श्री प्रदीप पुगलिया को जन्मदिवस की शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।परिवार की ओर से श्री पारस पुगलिया ने तेरापंथ युवक परिषद् के प्रति आभार व्यक्त करते हुए जैन संस्कार विधि से जन्मोत्सव मनाए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की।

जन्मोत्सव के अवसर पर श्री प्रदीप पुगलिया ने पूरे वर्ष में 45 सामायिक करने का संकल्प लिया तथा दही बड़े के त्याग का संकल्प भी स्वीकार किया। उनके इन संकल्पों से कार्यक्रम में त्याग, तप एवं आध्यात्मिक चेतना का भाव और अधिक सुदृढ़ हुआ।

कार्यक्रम में किशोर मंडल संयोजक श्री मुदित पुगलिया, श्री विशाल बोथरा, श्री अजय बोथरा एवं श्री यश चोपड़ा सहित परिषद् के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की गरिमामय उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का वातावरण मंगलभाव, आध्यात्मिक ऊर्जा एवं संस्कार चेतना से ओत-प्रोत रहा। उपस्थित सभी सदस्यों ने जैन संस्कार विधि को जीवन के शुभ अवसरों का अभिन्न हिस्सा बनाने तथा समाज में इसके व्यापक प्रचार-प्रसार का संकल्प व्यक्त किया।

**तेरापंथ युवक परिषद्, श्रीडूंगरगढ़**

# प्रकृति संरक्षण का संकल्प, 1000 से अधिक पौधों का रोपण

## बीछवाल स्थित मरुधरा बायोलॉजिकल पार्क में 77वां जिला स्तरीय वन महोत्सव आयोजित

(खबर आस पास)

**बीकानेर श्रेयांस बैद,।** जिला प्रशासन एवं वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को बिछवाल स्थित मरुधरा बायोलॉजिकल पार्क में 77वें जिला स्तरीय वन महोत्सव व एक पेड़ माँ यशोदा के नाम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण एवं वन संरक्षण का संदेश देते हुए **1000 से अधिक पौधों का रोपण किया गया**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईजी ओम प्रकाश थे। आईजीएनपी आयुक्त नवनीत कुमार एवं जिला कलेक्टर निशांत जैन भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वन विभाग के अंतर्गत बीकानेर जिले के प्रभारी एवं मुख्य वन संरक्षक (सीसीएफ), जयपुर आर.के. खैरवा ने की।




**वन्यजीवों के लिए तैयार हो रहा हरित वातावरण**

मुख्य वन संरक्षक जयपुर आर.के. खैरवा ने स्वागत भाषण में वन महोत्सव के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मरुधरा बायोलॉजिकल पार्क में किए जा रहे पौधरोपण से आने वाले दिनों में यहां हरित वातावरण विकसित होगा और वन्यजीवों की दहाड़ सुनाई देगी। उन्होंने कहा कि यहां लगाए जा रहे पौधे भविष्य में वन्य प्राणियों के लिए प्राकृतिक आवास एवं पर्यावरण उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

**वन महोत्सव में जनभागीदारी का आह्वान**

मुख्य अतिथि आईजी ओम प्रकाश ने अपने उद्बोधन में वन महोत्सव के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल वन विभाग की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें समाज के प्रत्येक वर्ग की सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने अधिकाधिक लोगों से पौधरोपण एवं उनके संरक्षण में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

**बच्चों ने नाटक और लोक नृत्य से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश**

कार्यक्रम में राजकीय विद्यालय, आईजीएनपी के विद्यार्थियों द्वारा नाटक एवं लोक नृत्य की प्रस्तुति दी गई। विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से पौधरोपण के महत्व, पर्यावरण संरक्षण तथा प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी का प्रभावी संदेश दिया।छात्रा सीमा कुमारी ने पेड़ों को बचाने के लिए अमृता देवी और 363 लोगों के शहीद होने की घटना की प्रभावशाली प्रस्तुति दी।

अधिकारी, वनकर्मी एवं गणमान्यजन रहे उपस्थित

कार्यक्रम में बीडीए कमिश्नर श्रीमती स्नेहल धाईगुड़े नाना, नगर निगम कमिश्नर सिद्धार्थ पलानीचामी, आईएएस स्वाति शर्मा, आईएएस मनु गर्ग सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।वन विभाग की ओर से डीएफओ जी. वेंकटेश, डीएफओ वाइल्ड लाइफ तरुण मेहरा, डीएफओ आईजीएनपी मदन सिंह चारण, डीएफओ विधि रमेश मुंड, एसीएफ सत्यपाल सिंह, गरिमा बिश्नोई, पूजा पंचारिया एवं कमल चंद सहित वन विभाग के रेंजर, वनपाल, सहायक वनपाल, वनरक्षक एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गणमान्यजन एवं पर्यावरणप्रेमी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन किशोर सर ने किया। अंत में डीएफओ जी. वेंकटेश ने सभी अतिथियों, अधिकारियों, वन विभाग के कार्मिकों एवं उपस्थित जनसमुदाय का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# मंजू गुलगुलिया को मिलेगा शिक्षा शिरोमणि अवार्ड, पैरा स्पोर्ट्स के खिलाड़ी मेडल अवॉर्डी के रूप में सम्मानित

**बीकानेर (खबर आस पास)।** बीकानेर की पाँच प्रतिभाओं को जयपुर में मिलेगा सम्मान, ईकोफ्यूजन द्वारा आयोजित टीचर डे अवार्ड सेरेमनी 2026 में शिक्षा शिरोमणि अवार्ड से नवाजा जाएगा ईकोफ्यूजन (ईकोविजन) द्वारा आयोजित टीचर डे अवार्ड सेरेमनी 2026 का भव्य आयोजन 6 सितंबर 2026, रविवार को सुबह 9 से 12 बजे, ष्ठस्स्ञ ऑडिटोरियम, डिपार्टमेंट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, विज्ञान भवन, शास्त्री नगर, जयपुर 202016 में किया जाएगा, जिसमें बीकानेर की पाँच प्रतिभाओं - मंजू गुलगुलिया, प्रेसिडेंट, स्स्ब्र दिव्यांग सेवा संस्था, पैरा स्पोर्ट्स बीकानेर को गेस्ट के रूप में शिक्षक शिरोमणि अवार्ड से तथा बीकानेर के चार पैरा एथलेटिक खिलाड़ियों - दुर्गा गहलोत (पैरा इंटरनेशनल प्लेयर, पोस्टः कनिष्ठ सहायक LDC, पैरा स्पोर्ट्स), ललिता गर्ग (नेशनल मेडलिस्ट, 7 MEDALS - 2 GOLD, 2 SILVER, 4 BRONZE, पैरा स्पोर्ट्स, जूनियर असिस्टेंट LDC), ललिता सैनी (पैरा स्पोर्ट्स) और खुशबू गिल (पैरा स्पोर्ट्स इंटरनेशनल प्लेयर, पैरा स्पोर्ट्स) को मेडल अवॉर्डी के रूप में सम्मानित किया जाएगा, यह आयोजन फाउंडर डॉ. पूनम धवन, को-फाउंडर प्रो. डॉ. अनिल धवन और मैनेजिंग डायरेक्टर नेहल धवन द्वारा किया जा रहा है, जिसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीलेखा शर्मा मैम, जॉइंट कमिश्नर, स्टेट टैक्स, राजस्थान और सेलिब्रिटी गेस्ट के रूप में वर्तिका जैन, टेलीविजन एंकर एंड कंटेंट क्रिएटर, रसोई राजस्थान री, गणगौर टेलीविजन उपस्थित रहेंगी।

# हरियालो राजस्थान अभियान में पौधों की संख्या के साथ सर्वाइवल पर भी दें जोरः जिला प्रभारी सचिव

## जिला प्रभारी सचिव ने की हरियालो राजस्थान अभियान की समीक्षा

(खबर आस पास)

**बीकानेर श्रेयांस बैद।** जिला प्रभारी सचिव एवं पीएचईडी के प्रमुख शासन सचिव श्री हेमंत कुमार गेरा ने गुरुवार को हरियालो राजस्थान अभियान की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान को गति देने के लिए पूरे जिले में स्पेशल ड्राइव चलाएं। उन्होंने कहा कि हरियालो राजस्थान अभियान का उद्देश्य केवल पौधे लगाना नहीं है, बल्कि लगाए गए पौधों का सर्वाइवल सुनिश्चित करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। जिला प्रभारी सचिव ने कहा कि अब तक लगाए जा चुके पौधों की वर्षा से पहले समुचित संभाल की जाए तथा उनकी शत-प्रतिशत जियो टैगिंग सुनिश्चित की जाए।उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को सुझाव दिया कि हरियालो राजस्थान एप में सामाजिक संगठनों के लिए भी एक अलग ऑप्शन उपलब्ध करवाया जाए, जिससे यह स्पष्ट हो सके कि संबंधित पौधारोपण सामाजिक संगठनों के सहयोग से किया गया है।

**वन विभाग से ही पौधे खरीदें सभी विभाग**

जिला प्रभारी सचिव हेमंत कुमार गेरा ने निर्देश दिए कि सभी विभाग पौधों की खरीद वन विभाग से ही करें। संबंधित विभाग वन विभाग को पौधों की डिमांड, आवश्यक साइज तथा कितने समय में पौधे चाहिए, इसकी जानकारी उपलब्ध करवाएं। यदि वन विभाग द्वारा पौधों की उपलब्धता नहीं होने की सूचना दी जाती है, तभी अन्य स्थानों से पौधे खरीदे जाएं।

जिला कलेक्टर निशांत जैन ने समीक्षा के दौरान ही सभी एसडीएम, बीडीओ एवं संबंधित जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि पौधों की खरीद के लिए वन विभाग को प्राथमिकता दी जाए।

**जिले में करीब 43.50 लाख पौधारोपण का लक्ष्य, 26.25 लाख की जियो टैगिंग**

इससे पूर्व डीएफओ जी. वैंकटेश ने हरियालो राजस्थान अभियान की प्रगति की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले को अभियान के तहत करीब 43.50 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य मिला है, जिसके विरुद्ध करीब 26.25 लाख पौधों की जियो टैगिंग हो चुकी है। उन्होंने बताया कि पौधारोपण एवं जियो टैगिंग की प्रगति के आधार पर बीकानेर जिला पूरे राजस्थान में 11वें स्थान पर है।

वैंकटेश ने विभागवार प्रगति की जानकारी देते हुए बताया कि वन विभाग को सर्वाधिक करीब 19 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य मिला था, जिसके विरुद्ध करीब 13 लाख पौधे लगाकर उनकी जियो टैगिंग की जा चुकी है।जिला प्रभारी सचिव ने कम प्रगति वाले विभागों को आगामी 15 दिनों में प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए।

**कृषि, आरएसआरडीसी और रीको ने लक्ष्य से अधिक किया पौधारोपण**

कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक मदन लाल ने बताया कि विभाग को 24 हजार 500 पौधे लगाने का लक्ष्य मिला था, जिसके विरुद्ध विभाग द्वारा लक्ष्य से अधिक 25 हजार 800 पौधे लगाकर उनकी जियो टैगिंग करवाई जा चुकी है॥ इसी प्रकार आरएसआरडीसी ने 5 हजार पौधे लगाने के लक्ष्य के विरुद्ध 5 हजार 553 पौधे, जबकि रीको ने 1 हजार पौधे लगाने के लक्ष्य के विरुद्ध 1 हजार 47 पौधे लगाकर उनकी जियो टैगिंग करवाई है।

**वीसी के माध्यम से ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों ने भी लिया भाग**

बैठक में मुख्य वन संरक्षक जयपुर आर.के. खैरवा, बीडीओ कमिश्नर स्नेहल नाना, सीईओ जिला परिषद शैलजा पांडे, आईएएस स्वाति शर्मा समेत सभी संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं वन विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे। वहीं वीसी के माध्यम से सभी ब्लॉक के संबंधित अधिकारी भी बैठक में उपस्थित रहे।

# बेटे ने जिलाध्यक्ष को पीटा, पिता कांग्रेस से निष्कासित एसी-एसीटी एक्ट में मामला दर्ज; वीडियो जारी कर बोला- मेरी टिकट चोरी की

**बीकानेर (खबर आस पास)।** बीकानेर शहर कांग्रेस जिलाध्यक्ष और पूर्व आईपीएस अधिकारी मदन गोपाल मेघवाल पर मारपीट मामले में कांग्रेस कार्यकर्ता मोहित अरोड़ा पर मारपीट और एसी-एसीटी एक्ट में मामला दर्ज हुआ है। वहीं मोहित के पिता पूर्व पार्षद दीपक अरोड़ा और मोहित को पार्टी से 6 साल के लिए निष्काषित कर दिया है।

फिलहाल मोहित फरार है और वीडियो जारी कर अपनी सफाई दे रहा है। आरोपी का दावा है कि उसकी टिकट चोरी हुई है, और उसके पास इसके सबूत हैं। उसके पास कांग्रेस नेताओं के ऑडियो हैं।

**एससी-एसटी एक्ट में मामला दर्ज**

बीकानेर एसपी मृदुल कच्छावा ने बताया- मामले में अब तक 4 युवकों को डिटेन किया गया है। जयनारायण व्यास कॉलोनी थाने में मदन गोपाल मेघवाल ने कल रात मामला दर्ज करवाया था। इसमें मोहित अरोड़ा पुत्र दीपक अरोड़ा समेत अन्य के खिलाफ मारपीट और एसी-एसीटी एक्ट में मामला दर्ज करवाया है। एफआईआर में आरोप लगाया है कि मोहित अरोड़ा और उसके साथ आए युवकों ने उसके साथ थप्पड़ और मुक्के मारे। भागते हुए कुर्ता भी फाड़ दिया। इस मामले में आरपीएस अधिकारी अरविंद कुमार जांच कर रहे हैं।

**वीडियो में बोला- मेरा टिकट चोरी हो गया**

मोहित अरोड़ा ने इस मामले के बाद अपने 2 अलग-अलग वीडियो जारी करके सफाई दी है। उसने एक वीडियो में आरोप लगाया कि टिकट उसके नाम से जारी हुआ था लेकिन, पार्टी के कुछ नेताओं ने मिलकर ये टिकट चोरी कर लिया और दूसरे कार्यकर्ता को दे दिया। इस मामले में पूर्व शहर अध्यक्ष यशपाल गहलोत के साथ बातचीत का एक ओडियो भी जारी किया है। वहीं बीकानेर पूर्व के चुनाव प्रभारी के साथ बातचीत का भी एक ओडियो जारी किया गया है। मोहित ने एक वीडियो अपनी कार से बनाया है जबकि दूसरा वीडियो किसी जगह बैठकर बनाया है। दोनों वीडियो के आधार पर भी पुलिस छानबीन कर रही है।

इसमें मोहित कहता नजर आ रहा है कि मैं कहीं भाग नहीं रहा हूं, मुझे फोन कर लें मैं खुद आ जाऊंगा।

**पिता 6 साल के लिए पार्टी से निष्काषित**

कांग्रेस के प्रदेश संगठन महासचिव ललित तुनवाल ने एक आदेश जारी करके दीपक अरोड़ा को 6 साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया है। पत्र में कांग्रेस शहर अध्यक्ष के साथ मारपीट में उनकी लिप्तता मानते हुए इसे अत्यंत गंभीर माना है। अगले छह साल के लिए दीपक व मोहित अरोड़ा पार्टी से निष्कासित रहेंगे।

# बीकानेर में डिग्गी में डूबने से युवक की मौत,बूस्टर के पाइप में पानी भरते समय फिसला पैर

**बीकानेर (खबर आस पास)।** सैरूणा थाना इलाके में खेत की पानी की डिग्गी में गिरने से 32 साल के युवक की डूबकर मौत हो गई। हादसा बुधवार दोपहर करीब 3:30 बजे हुआ। राजेडू गांव निवासी देवाराम पुत्र कुंभाराम मेघवाल खेत में पानी की डिग्गी के पास बूस्टर के पाइप में पानी भर रहा था। इसी दौरान अचानक उसका पैर फिसल गया और वह डिग्गी में जा गिरा। डूबने से उसकी मौत हो गई। काफी देर बाद उसका शव मिला।

**बूस्टर के पाइप में पानी भर रहा था**

राजेडू गांव निवासी तोलाराम पुत्र कुंभाराम मेघवाल ने पुलिस को रिपोर्ट दी है। इसमें बताया कि उसका भाई देवाराम बुधवार दोपहर खेत में पानी की डिग्गी के पास बूस्टर के पाइप में पानी भर रहा था। इसी दौरान अचानक उसका पैर फिसल गया और वह डिग्गी में गिर गया। पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई। काफी देर बाद देवाराम का शव डिग्गी से मिला। इसके बाद शव को हॉस्पिटल पहुंचाया गया।

**पुलिस ने मर्ग दर्ज की**

हादसे की सूचना मिलने पर सेरूणा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने जरूरी कार्रवाई की और मर्ग दर्ज कर ली।

# कान्हा के स्वागत में मंदिर सजे, झांकियां तैयार

**बीकानेर (खबर आस पास)।** भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव श्री कृष्ण जन्माष्टमी कल धूमधाम से मनाई जाएगी। घर-घर और मंदिरों में भगवान श्री कृष्ण का अभिषेक, पूजन,श्रृंगार, आरती कर विविध व्यंजनों का भोग अर्पित किया जाएगा। श्रद्धालु व्रत-उपासना करेंगे। घरों व मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान होंगे।जन्माष्टमी पर्व को लेकर शहर के कृष्ण एवं लक्ष्मीनाथ मंदिर रंगीन रोशनी से सज गए है। कृष्ण जन्मोत्सव की तैयारियां चल रही है। कान्हा के स्वागत में घर-घर,मंदिरों और सार्वजनिक स्थानों पर झांकियां सजाई जा रही है। बाजारों में कान्हा के वस्त्र, आभूषण और खिलौनों की बिक्री चल रही है।नगर सेठ लक्ष्मीनाथ मंदिर में मध्यरात्रि 12 बजे ठाकुरजी का अवतार होगा। पंचामृत अभिषेक, पूजन,श्रृंगार और आरती होगी। इस अवसर पर कंस का प्रतीकात्मक वध होगा।कथा का वाचन व भगवान की जन्म पत्रिका का वाचन होगा। श्रद्धालुओं में पंचामृत व प्रसाद का वितरण होगा। जन्माष्टमी पर्व को लेकर निज मंदिर सहित मंदिर परिसर को रंगीन रोशनी से सजाया गया है। वहीं कई स्थानों पर जन्माष्टमी पर्व मनाया जाएगा।



**सज रही झांकियां, तैयार हो रहे व्यंजन**

शहर के विभिन्न मंदिरों और घर-घर में जन्माष्टमी मनाई जाएगी। जिन मंदिरों और घरों में जन्माष्टमी पर्व मनाया जाएगा,वहां तैयारियां चल रही है। घर-परिवार की महिलाएं कान्हा के स्वागत में आटा,मैदा,घी,शक्कर,गुड, मावा आदि से विभिन्न प्रकार के पारंपरिक व्यंजन तैयार किए जा रहे है। तुलसी सर्कल के पास स्थित तुलसी कुटीर मंदिर में रात्रि 12 बजे आरती होगी। दिन भर भजनों का आयोजन होगा। झांकियां सजाई गई है।श्री क ृष्ण जन्म जन्माष्टमी महोत्सव समिति रांगड़ी चौक की ओर से झांकिया सजाई जा रही है। इसके अलावा घरों में भी अनेक प्रकार की झांकियां सजाकर जन्मोत्सव मनाया जाएगा।

**वस्त्र, आभूषण व खिलौनों की खरीदारी**

जन्माष्टमी को लेकर शहर के बाजारों में कान्हा के वस्त्र,आभूषण, झूलों की सजी दुकानों पर खरीदारी चल रही है।लोग कान्हा के चमकील व चटकीले रंगों के वस्त्र, मुकुट, बंशी,हार,झूले,तिलक इत्यादि की खरीद कर रहे है। लड्डू गोपाल की प्रतिमाओं की खरीदारी भी चल रही है। झांकियों के लिए मिट्टी, लकड़ी, फाइबर,प्लास्टिक आदि से बने खिलौनों की दुकानों पर भीड़ लगी हुई है।

# बालिका सशक्तिकरण से ही होगा विकसित समाज का निर्माण, बालिका शिक्षा पर प्लान इंडिया की एकदिवसीय कार्यशाला आयोजित

**बीकानेर (खबर आस पास)।** प्लान इंडिया द्वारा बालिका सशक्तिकरण विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला गुरुवार को सागर होटल में आयोजित की गई। कार्यशाला में जिले के ग्रामीण क्षेत्रों की छात्राओं के साथ शिक्षक, विभिन्न विभागों के अधिकारी, उद्योगपति, शिक्षामित्र तथा समाज के विभिन्न वर्गों से जुड़े अनेक लोग शामिल हुए। इस दौरान बालिका शिक्षा, स्कूल छोड़ चुकी बालिकाओं को पुनः शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने, महिला सशक्तिकरण तथा समाज के समग्र विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।




कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में जिला उद्योग केंद्र की महाप्रबंधक मंजू नैन गोदारा, राजकीय डूंगर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. राजेंद्र पुरोहित तथा उद्यमी रामरतन धारणिया अतिथि के रूप में मौजूद रहे। अतिथियों ने कहा कि किसी भी समाज का वास्तविक और संतुलित विकास तभी संभव है, जब महिला और पुरुष दोनों को समान अवसर मिलें और दोनों समान रूप से विकास की प्रक्रिया में सहभागी बनें। वक्ताओं ने कहा कि आज भी अनेक बालिकाएं सामाजिक, आर्थिक और पारिवारिक परिस्थितियों के कारण शिक्षा बीच में छोड़ देती हैं। ऐसी बालिकाओं को चिन्हित कर उन्हें पुनः विद्यालयों और शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। इसके लिए केवल सरकारी योजनाएं ही पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि समाज, परिवार, शिक्षकों, स्वयंसेवी संस्थाओं और उद्योग जगत को भी सामूहिक जिम्मेदारी निभानी होगी। महिला सशक्तिकरण से बाल विवाह, अशिक्षा, भेदभाव और अन्य सामाजिक चुनौतियों को कम करने में भी मदद मिलती है। विकसित समाज की संकल्पना को साकार करने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को बालिकाओं के प्रति सकारात्मक सोच रखते हुए उन्हें आगे बढ़ने के समान अवसर उपलब्ध कराने होंगे।

प्लान इंडिया की प्रोग्राम मैनेजर नैरीता बनर्जी ने संस्था द्वारा बालिका शिक्षा और सशक्तिकरण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। जिला समन्वयक ज्ञानेंद्र श्रीमाली ने जिले में संचालित विभिन्न गतिविधियों और बालिकाओं को शिक्षा से जोड़ने के प्रयासों के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर चंद्रशेखर श्रीमाली ने किया। कार्यक्रम में प्लान इंडिया के स्टेट समन्वयक फतह सिंह, जनसंपर्क कार्यालय के उपनिदेशक डॉ हरिशंकर आचार्य, रोजगार कार्यालय के उपनिदेशक हरगोविंद मित्तल, डॉ. मनोज गौड़, प्रयाग चांडक, अनुज मित्तल, सीए सुधीश शर्मा, सुनील सारडा, सुरेश पेड़ीवाल, भारत भूषण गुप्ता, कन्हैयालाल बोथरा, सोहनलाल बैद, किशन मोदी, सुनील पुरोहित, गोपाल जोशी तथा अमित व्यास सहित विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े अनेक लोग मौजूद रहे।

# तेजाजी लिफ्ट से पानी चोरी मामले में 11 पर मामला दर्ज,अवैध साइफन लगाकर पानी चोरी का आरोप

**बज्जू (खबर आस पास)।** बज्जू पुलिस ने वीर तेजाजी लिफ्ट नहर से पानी चोरी के मामले में 11 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज की है। क्षेत्र में चल रहे किसान आंदोलन के बीच हुई इस कार्रवाई से पानी चोरी के मामलों में विभाग की सख्ती सामने आई है। सहायक अभियंता की रिपोर्ट पर पुलिस ने अवैध साइफन लगाकर पानी चोरी करने और नहर के किनारे को नुकसान पहुंचाने के आरोप में मामला दर्ज किया है। जांच हैडकांस्टेबल अमित कुमार को सौंपी गई है।

**नहर निरीक्षण के दौरान सामने आया पानी चोरी का मामला**

बज्जू थानाधिकारी चंद्रजीतसिंह भाटी ने बताया कि वीर तेजाजी लिफ्ट के सहायक अभियंता वसीम अकरम ने पुलिस को लिखित रिपोर्ट दी थी। 27 अगस्त को नहर के निरीक्षण के दौरान पानी चोरी के मामले सामने आए। विभाग की ओर से जीपीएस फोटो सहित रिपोर्ट पुलिस को सौंपी गई।

**वैध साइफन के लिए नहर में किए छेद और कटाव**

रिपोर्ट के अनुसार आरोपियों ने नहर के किनारे छेद और कटाव कर अवैध साइफन लगाए थे। इससे नहर की संरचना और पानी के बहाव को नुकसान पहुंचने के साथ सरकारी संपत्ति को भी क्षति पहुंचने की आशंका जताई गई है।

**11 लोगों के खिलाफ केस**

पुलिस ने नखतसिंह भाटी, जयपालसिंह पुत्र हडमानसिंह, नूरेखां पुत्र गुलामनबी, लालदीन पुत्र जलालखां, कोजूखां पुत्र अमीरखां, अब्दुलखां पुत्र अलीखां, हैदरखां पुत्र इस्माइलखां, हनीफखां पुत्र भीखेखां, कायमखां पुत्र सादक अली, मांझीखां पुत्र खेरदीनखां और गनीखां पुत्र बाबूखां के खिलाफ धारा 326(ए) बीएनएस 2023 के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**पानी चोरी पर विभाग की सख्ती, नहीं बरतेंगे नरमी**

14वें खंड के अधिशासी अभियंता प्रशांत बजाज ने कहा कि पानी चोरी के मामलों में विभाग की ओर से कोई नरमी नहीं बरती जाएगी। पानी चोरी सामने आने पर संबंधित पुलिस थाने में कानूनी कार्रवाई के लिए तुरंत लिखित रिपोर्ट दी जाती है।